मैनुअल संख्या–14

इलेक्ट्रॉनिक रूप में सूचना के ब्यौरे

सर्व शिक्षा अभियान का एक प्रमुख लक्ष्य 6–14 वय वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापरक जीवनोपयोगी शिक्षा उपलब्ध कराना है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए परियोजना के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों, नवाचारों, व विभिन्न नए–नए कार्यक्रमों को निरन्तर संचालित किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों/क्रियाकलापों को विभिन्न प्रकाशनों के द्वारा प्रचारित व प्रसारित किया जा रहा है।

वर्तमान युग सूचना प्रौद्योगिकी का युग है, तथा सूचनाओं को त्वरित रूप से प्रसारित करने के लिए विभाग द्वारा संचालित विभिन्न क्रियाकलापों/कार्यक्रमों से सम्बन्धित जानकारी इलेक्ट्रानिक फार्मेट में भी उपलब्ध कराई गई हैं।

जनसमुदाय के उपयोगार्थ विभाग द्वारा वेवसाइट http://gov.ua.nic.in/ssaua का विकास किया गया है जिस पर समस्त क्रियाकलापों/कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध है, जिसको समय–समय पर अद्यतन कराया जाता है। वेवसाइट की स्क्रीन निम्न है।



वेवसाइट पर प्रमुख रूप से निम्नांकित कार्यक्रमों/क्रियाकलापों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

- निर्माण कार्यों के अन्तर्गत– प्रतिवर्ष कृत कार्यों का विवरण, प्रगति तथा निर्माण मद में कुल व्यय तथा निर्माण कार्यों हेतु निर्देशिका।
- शिक्षा गारंटी केन्द्र (ई0जी0एस0), वैकल्पिक एवं नवाचारी शिक्षा (ए0आई0ई0) तथा शालात्यागी (आउट आफ स्कूल)– संदर्भित बच्चों का विवरण, खोले गये केन्द्र, सेतु तथा उपचारात्मक पाठ्यक्रम एवं मद में व्यय का विवरण।
- प्रारम्भिक शिशु देखभाल केन्द्र (ई0सी0सी0ई0) एवं स्कूल पूर्व सुविधाएं– वर्तमान में प्रदेश में प्रयुक्त विभिन्न माडल, जनपदवार केन्द्रों की सारिणी, आई0सी0डी0एस0 कार्यक्रम के साथ समन्वय तथा मद में कुल व्यय का विवरण।
- आई0ई0डी0 एवं सी0डब्ल्यू0एस0एन0– विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों का विवरण, आई0आई0डी0 कार्यक्रम से जुड़े स्वयंसेवी संस्थाओं की संख्या तथा जनपदों के द्वारा किए गए प्रयास व व्यय का विवरण।
- बालिका शिक्षा एवं एन0पी0ई0जी0ई0एल0– के अन्तर्गत बालिकाओं के नामांकन की स्थिति, ''आउट ऑफ स्कूल'', विशिष्ट आवश्यकता वाली बालिकाओं, कार्यक्रम से आच्छादित विकास खण्डों की संख्या तथा मद में कुल व्यय का विवरण।
- एस0सी0 एवं एस0टी0 बच्चों के लिए प्रयास– नामांकन की स्थिति, शालात्यागी बच्चों की संख्या, विशेष आवश्यकता वाले एस0सी0/एस0टी0 बच्चे एवं उनके लिए नवाचारी कार्यक्रम तथा मद में कुल व्यय।
- प्रशिक्षण तथा दूरस्थ शिक्षा– प्रशिक्षण हेतु कार्यशालाओं का विवरण, सेवारत प्रशिक्षण, क्षमता संवर्धन कार्यशालाओं तथा उन पर हुए कुल व्यय का विवरण।
- कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के अर्न्तगत शैक्षिक रूप से पिछड़े विकास खण्डों की सूची तथा कुल व्यय का विवरण।
- मध्याह्न भोजन योजना के अर्न्तगत आच्छादित विद्यालयों एवं ए0आई0ई0 केन्द्रों तथा नियुक्त की गई भोजन माताओं तथा सहायिकाओं की सूची।
- अन्य नवाचारी कार्यक्रम तथा मद में कुल व्यय के विवरण के अतिरिक्त प्रारम्भिक शिक्षा सांख्यिकी, वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट, स्कूल ग्रेडिंग एवं मैपिंग सिस्टम, ज्वाइन्ट रिव्यू मिशन भ्रमण तथा पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमों जैसे कम्प्यूटर एडेड लर्निंग कार्यक्रम (काल्प), रूम टु रीड, लर्निंग गारंटी कार्यक्रम तथा उच्च प्राथमिक के साथ प्राथमिक एवं ई0जी0एस0 के विकास इत्यादि का विवरण।

इसके अतिरिक्त सभी कार्यक्रमों/क्रियाकलापों का विवरण संस्था के कम्प्यूटरों में दर्ज है, जिसको आवश्यकता पड़नें पर CDs में उपलब्ध कराया जा सकता है।

शिक्षा के लिए जनपद की सूचना प्रणाली (DISE) साफ्टवेयर राष्ट्रीय शैक्षिक योजना और प्रशासन विश्वविद्यालय द्वारा तैयार कर उपलब्ध कराया गया है, जिसमें स्कूलों की सांख्यिकी वार्षिक आधार पर तैयार जाती है। इसका प्रारूप भी उक्त विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किया गया है, जिसमें आंकड़ों को अद्यतन रूप में ब्यस्थित किया जाता है तथा सभी जनपदों को भी उपलब्ध कराया जाता है। पी0आई0एम0एस0 की स्थापना राज्य तथा जनपदों के परियोजना कार्यालयों में की गई है।

राष्ट्रीय सूचना केन्द्र की सहायता से अद्यतन प्रणाली में आनलाइन सिस्टम साफ्टवेयर विकसित किया गया है, जो कि पी0एम0आई0एस0 तथा ई0एम0आई0एस0 प्रारूप पर है।

सी0डब्ल्यू0एस0एन0 हेतु भी एक डाटाबेस तैयार किया गया है, जो कि उपयोग हेतु तैयार है।

बालिका शिक्षा पर एक वृत्तचित्र का निर्माण भी किया गया है, जिसमें बालिका शिक्षा से सम्बन्धित जानकारी उपलब्ध है।